हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 9 जून 2025

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

10 लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा निपटान : सैनी



10 योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें: हुड्डा



## खबर संक्षेप

### ट्रक की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, केस दर्ज

**जींद।** गांव सिंघपुरा के निकट ट्रक की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया। सदर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है। आदर्श कालोनी सफीदो निवासी कुंदन गांव सिंघपुरा के निकट दुकान पर कार्य करता था। बीती देर शाम को वह अपने साले की लड़की के साथ पैदल अपने घर लौट रहा था।

### 914 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित आरोपी काबू

**कैथल।** एक तरफ जहां पर एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा नशा ना करने बारे आमजन को जागरूक किया जा रहा है, वहीं पर पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी मुहिम तहत चौकी पूंडरी पुलिस द्वारा एक नशा तस्कर को 914 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू कर लिया गया।

### रंजिशन हमला करने पर छह के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** राम कॉलोनी में रंजिशन युवक पर हमला कर घायल करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राम कालोनी निवासी अमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मोहल्ले का ही ध्यानी उससे रंजिश रखे हुआ था। वह दुकान से सामान खरीद कर घर लौट रहा था। रास्ते में ध्यानी व उसके साथियों ने घेर लिया था।

### सूने मकान से डेढ़ लाख रुपये की नकदी चोरी

**राजौंद।** चोर मकान से डेढ़ लाख की नकदी चोरी कर ले गए। परिवार के सदस्य काम से बाहर गए थे। चोर मेन गेट का ताला तोड़कर मकान में घुसे और वारदात को अंजाम दिया। राजौंद थाना में दी शिकायत में राजौंद निवासी रंगी सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सात जून की सुबह वह घर के मेन गेट को ताला लगा कर पुराने मकान में चला गया था।

### पिस्तौल व जिंदा कारतूस के साथ एक युवक काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने रामराये के निकट रजबाहे पुल पर युवक को काबू कर कब्जे से पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। सदर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफकर्मी हांसी रोड पर गश्त कर रहे थे। उसी दौरान रामराये के पास रजबाहे पुल पर युवक संदिग्ध हालात में खड़ा दिखाई दिया।

### कार व बाइक की भिड़ंत में दो युवक घायल

**कैथल।** मानस रोड ड्रेन के पास कार व बाइक की टक्कर में दो युवक घायल हो गए। इस संबंध में शहर थाना की पुलिस ने घायल की शिकायत पर चार दिन बाद कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शहर थाना में दी गई शिकायत में सीवन निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करता है। उसने करीब एक महीने से कुतबपुर में राजमिस्त्री का काम चलाया हुआ है।

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात चुराए, केस दर्ज

**जींद।** गांव ऐंचरा कलां में चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोना व चांदी के जेवरात व अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ऐंचरा कलां निवासी शमशेर ने शिकायत में बताया कि वह परिवार समेत मजदूरी करने गया हुआ था।

### नाबालिगा से अश्लील हरकत, शिकायत दर्ज

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना इलाका गांव की नाबालिगा लडकी को साथ ले जा एकांत मे अश्लील हरकत करने पर पुलिस ने युवक के खिलाफ अश्लील हरकत करने, चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पिल्लूखेड़ा थाना इलाका गांव की एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी है।

---

### तापमान पहुंचा 42 डिग्री, छा रही दोपहर को विरानगी, दिन निकलने के साथ आग उगलने लगा सूर्य

# भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, बाजार सुनसान

**गर्मी के साथ ठंडे पेय पदार्थों की डिमांड बढ़ी, तापमान और बढ़ने की संभावना**

नागरिकों के साथ-साथ पशुधन को भी हीट वेव यानी लू के प्रकोप से बचाव को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिछले तीन दिनों से भीषण गर्मी का दौर लगातार जारी है। तापमान 42 डिग्री तक पहुंच रहा है। भीषण गर्मी का असर जनजीवन पर साफ देखने को मिल रहा है। दोपहर को बाजार तथा सड़कों पर विरानगी छा रही है। हवा का मिजाज भी काफी गर्म रह रहा है। जिसने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया है। इसी के साथ गर्मी के साथ ठंडे पेय पदार्थों की डिमांड भी बढ़ गई है। रविवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 30 प्रतिशत तथा हवा की गति 10 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज गई। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि तापमान और अधिक बढ़ने की संभावना है। ऐसे में लोगों को गर्मी में विशेष ध्यान रखना चाहिए। **दिन निकलने के साथ आग उगलने लगा सूर्यः** पिछले तीन दिन से तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है। दिन का तापमान 41 डिग्री पहुंच रहा है। सोमवार को दिन का आगाज तेज धूप के साथ हुआ। दिन चढ़ने के साथ मौसम का मिजाज तथा हवा गर्म होती चली गई। दोपहर को सड़कें तथा बाजार सुनसान दिखाई दिए। बहुत कम वाहन सड़कों पर दिखाई दिए। जो लोग दोपहिया वाहन पर चला रहे थे, उन्होंने भी मुंह ढांपे थे। जगह-जगह लोग ठंडे पेय का सहारा लेते देखा गया। **वृद्ध तथा छोटे बच्चों का रखें ध्यान : डा. भोलाः** नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि तापमान लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में दोपहर को जरूरी हो तो घर से बाहर निकलें। अंगोच्छा जरूर सिर पर रखें। अधिक से अधिक पानी पिएं। गर्मी का अधिकतर शिकार वृद्ध तथा छोटे बच्चे आसानी से हो जाते हैं। इसलिए परिजनों को इनका विशेष ख्याल रखना की जरूरत है। उन्होंने लोगों को सुझाव देते हुए कहा कि गर्मी से बचने के लिए लोगों को भरपूर मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। तेज गर्मी में बाहर न निकलें। गर्मी के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं तथा तेज धूप में निकलने से पहले सिर पर कपड़ा, टोपी या छाता जरूर लें। छोटे बच्चों को उल्टी या दस्त लगने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नही है। तापमान में और भी बढ़ोत्तरी होगी।



जींद। खेत में तैयार की जा रही धान की पौध। फोटो :हरिभूमि

**हीट वेव से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें : डीसी**

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि भीषण गर्मी के बीच नागरिकों के साथ-साथ पशुधन को भी हीट वेव यानी लू के प्रकोप से बचाव को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। डीसी ने जिला के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे हीट वेव से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें। तेज गर्म हवाएं यानी हीटवेव शरीर पर गहरा असर डाल सकती हैं। इससे शरीर में पानी की कमी, चक्कर आना, उल्टी, सिरदर्द, बुखार, हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ये लक्षण कभी-कभी जानलेवा भी साबित हो सकते हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम खुद को और अपने परिवार को इन खतरों से सुरक्षित रखने के लिए कुछ आसान लेकिन असरदार उपाय अपनाएं। गर्मी में सबसे जरूरी है, खुद को हाइड्रेटेड रखना। दिन भर में बार-बार पानी पिएं, चाहे प्यास लगी हो या नही। साथ ही नारियल पानी, नींबू पानी, छाछ और ओआरएस जैसे प्राकृतिक पेय शरीर को ठंडक देने के साथ-साथ इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति करते हैं। दोपहर के समय यानी 12 बजे से तीन बजे तक धूप में निकलने से बचें। क्योंकि इस समय लू का असर सबसे अधिक होता है। गर्मी में कार्बोनेटेड ड्रिंक्स जंक फूड और अत्यधिक तेलीय व मसालेदार भोजन से दूरी बनाएं। वहीं पालतू जानवरों या छोटे बच्चों को कभी भी बंद वाहनों में न छोड़ें। नंगे पांव बाहर न निकलें, इससे शरीर का तापमान और तेजी से बढ़ सकता है। बहुत गर्म शरीर पर अचानक ठंडा पानी डालना भी नुकसानदायक हो सकता है ऐसा करने से बचें।



**विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया**

**कैथल।** जिले में पिछले कुछ दिनों से बारिश गर्मी से राहत मिली हुई थी। बारिश की वजह से जून के पहले पांच दिन राज्य के लगभग सभी शहरों का तापमान 35 डिग्री तक दर्ज किया जा रहा था। अब आने वाले दिनों में लोगों को अब भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। अगले आठ से नौ दिन बारिश की कोई संभावना नहीं है। लू चलने की भी संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने इस संबंध में यलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक अगले तीन दिन तापमान में तीन से चार डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। नौ से 11 जून के बीच दक्षिण हरियाणा व दक्षिणी पश्चिमी हरियाणा में तापमान 45 डिग्री से ऊपर होने की संभावना है। इस समयावधि के दौरान लू चलने की पूरी संभावना है। अगले कुछ दिन फिलहाल शुष्क रहेंगे। मौसम विभाग ने अपने पूवार्नुमान अनुसार नौ से 11 जून तक लू चलने के आसार हैं। इसके चपेट में पूरा राज्य होगा। रविवार को दिन का तापमान अधिकतम 40.2 डिग्री रहा वहीं न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस रहा। पश्चिमी विक्षोभ के आगे निकलने के बाद दिन के तापमान में चार डिग्री से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विशेषज्ञ की मानें तो एक-दो दिन में पश्चिमी हवाओं के चलने से गर्मी और बढ़ेगी। कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य समन्वयक डॉ. रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ आने के कारण आगामी दिनों में लू चलने की संभावना रहेगी। रविवार सुबह से ही मौसम साफ रहा, जिससे दोपहर में लोगों को तेज धूप का सामना करना पड़ा। दिन ढलने के बाद ही लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली।

**एडवाइजरी की अनुपालना करें**

**कैथल।** जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी प्रीति ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने के बाद उसके इलाज से बेहतर है कि हम लू लगने से बचे रहें। कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है।

---

## राजौंदः दस युवाओं से सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर 6 लाख रुपये ठगे

- शिकायतकर्ताओं के ब्यान पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

दस युवाओं को सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर छह लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में आरोपी ने न तो युवाओं को नौकरी दी और न ही उनके रुपये वापस लौटाए। इस मामले में राजौंद थाना की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजौंद थाना में दी शिकायत में गुलियाणा निवासी साहिल ने बताया कि वह 12वीं पास है और जागरण में कलाकारी करता है। पिछले साल उसकी मुलाकात जिला हिसार के दौलतपुर गांव निवासी कुलदीप से हुई। कुलदीप उनके घर पर तीन से चार बार आया और उसे व उसके जानकारों को संपर्क में लेकर बोला कि वह उन्हें हरियाणा-पंजाब हाईकोर्ट में चपरासी की नौकरी लगवा देगा। कुछ को होमगार्ड और कुछ को एमटीएस की नौकरी लगवा देगा। इसके लिए आरोपी ने उनसे रुपये मांगे। साहिल ने बताया कि आरोपी के कहे अनुसार उसके जानकार विनय, सोनू, अमन, दीपक ने उसे 80-80 हजार रुपये होमगार्ड के लिए दे दिए। हाफिज, विकास, संदीप व जसबीर से 70-70 हजार रुपये चपरासी के लिए व प्रमिला ने 30 हजार रुपये पीजीआई चंडीगढ़ में लगवाने के लिए आरोपी को दे दिए। इसके अलावा 15 हजार रुपये उससे भी ले लिए। रुपये लेकर आरोपी ने उनको जल्द नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया। काफी इंतजार के बाद जब उनको नौकरी नहीं दिलाई तो उन्होंने कुलदीप से बातचीत की। फिर भी आरोपी ने उनको नौकरी नहीं दिलाई। जब उन्होंने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने उनको धमकाया।

## दंपती को अमेरिका भेजने का झांसा दे 17.45 लाख हड़पे

- विदेश न भेजने तथा राशि को वापस न लौटाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव रोहड़ के दंपती को वर्क वीजा पर अमेरीका भेजने का झांसा देकर 17 लाख 45 हजार रुपये हडपने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रोहड निवासी नवदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका छोटा भाई अमृतपाल व उसकी पत्नी कोमलप्रीत कौर विदेश जाने के इच्छुक थे। जिसके चलते उनका संपर्क पानीपत में विदेश भेजने का कार्यालय चलाने वाले दिल्ली निवासी अभिषेक तथा दीपक चंद से हुआ। दोनों ने विश्वास दिला कर वर्क वीजा पर अमेरिका भेजने की बात कही। जिसके लिए 38 लाख की डिमांड की। आरोपितों ने उसके भाई तथा पत्नी के सभी दस्तावेज ले लिए और 28 सितंबर 2022 को दोनों आरोपितों के खाते में तीन लाख रुपये भेज दिए। जिसके बाद आरोपितों ने कहा कि पहले दोनों को यूके भेजना होगा। वहां पर कोर्स करवा कर फिर अमेरिका भेजा जाएगा। यूके विवि में दाखिले के लिए रुपये मागे। जिस पर आरोपितों को दो लाख रुपये और भेज दिए। फिर वर्ष 2023 में ऑफर लैटर मेल पर आया। कुछ फंड खातों में जाम करवाने के लिए कहा। जिस पर उन्होंने 4.40 लाख रुपये खाते में डलवा दिए। मई 2024 तक आरोपित विभिन्न चार्जिज के नाम पर 17.45 लाख रुपये ले चूके थे। आरोपित कोई न कोई बहाना बना कर उन्हें टालते रहे। जून 2024 में उन्हें कोरियर से कुछ दस्तावेज मिले। जिसमें कोमलप्रीत कौर की विश्वाद्यालय से बीए की डिग्री व अन्य कागजात थे। जबकि उसने कोई परीक्षा नही दी थी। काफी लंबा समय बीत जाने के बाद भी उसके भाई तथा उसकी पत्नी को विदेश नही भेजा गया। जब दबाव डाला और राशि वापस मांगी तो आरोपितों ने राशि देने से मना कर दिया और बुरा अजांम भुगतने की धमकी दी।

**मामले की जांच जारी**

सदर थाना सफीदों पुलिस ने नवदीप सिंह की शिकायत पर आरोपित अभिषेक तथा दीपकचंद के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना सफीदों के जांच अधिकारी दीपक ने बताया कि विदेश भेजने के नाम पर राशि हडपने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।





पूंडरी। गांव ट्योंठा में अपने सहपाठियों के साथ विधायक सतपाल जांबा।

### डिजिटल लाइब्रेरी व योगशाला की मांग पर जताई सहमति

**पूंडरी।** वर्तमान समय की व्यस्त राजनीति में जहां मानवीय संबंध पीछे छूटते जा रहे हैं, वहीं पूंडरी से भाजपा के विधायक सतपाल जांबा ने एक भावनात्मक मिसाल पेश करते गांव ट्योंठा में अपने पुराने स्कूल साथियों से आत्मीय मुलाकात की। विधायक जांबा तीन दशक बाद अपने सहपाठी विनोद आर्य के आवास पर पहुंचे स्कूल के सहपाठियों से मुलाकात की। इस अवसर पर हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसो के मीडिया निदेशक विनोद आर्य ने बताया कि विधायक बनने के बाद भी सतपाल जांबा में मित्रता, विनम्रता और पुरानी यादों के लिए वही आत्मीय भाव आज भी कायम है। सभी साथियों ने स्कूल के समय बिताए यादगार पलों को साझा किया। विनोद आर्य ने विधायक से गांव व आसपास के बच्चों की मानसिक उन्नति के लिए डिजिटल लाइब्रेरी और शारीरिक-सामाजिक विकास के लिए योगशाला हॉल निर्माण की मांग रखी, जिस पर विधायक सतपाल जांबा ने सहमति प्रकट करते कहा कि वे शीघ्र इस दिशा में ठोस कदम उठाएंगे।

## सीआरएसयू वीसी ने दो कर्मियों के ढ़ाई साल से लंबित वेतन को किया रिलीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



- विश्वविद्यालय के लंबित मामलों का जल्द होगा निपटान : वीसी

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने विश्वविद्यालय में कार्यरत दो कर्मचारियों कवल जुनेजा एवं सुरेंद्र सिंह खर्ब के गत ढाई वर्षों से लंबित वेतन को तुरंत प्रभाव से जारी कर दिया गया है। चार्ज संभालते ही वीसी ने दोनों कर्मचारियों की वेतन फाइलों पर प्राथमिकता से हस्ताक्षर किए और संबंधित भुगतान जारी कर दिया गया। कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि यह निर्णय विश्वविद्यालय में पारदर्शिता, जवाबदेही और कर्मचारियों के प्रति संवेदनशीलता को प्राथमिकता देने की दिशा में पहला कदम है। कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण किसी भी संस्था की नींव होते हैं। उनके साथ न्याय करना हमारा नैतिक दायित्व है। इस निर्णय ने जहां संबंधित कर्मचारियों को राहत दी हैए वहीं पूरे विश्वविद्यालय समुदाय के लिए एक सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश भी भेजा है कि नया नेतृत्व कर्मचारियों के कल्याण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वीसी ने कहा कि आने वाले समय में विश्वविद्यालय में सभी लंबित मामलों की गहन समीक्षा की जाएगी और उन्हें प्राथमिकता से सुलझाया जाएगा। जिससे किसी भी कर्मचारी को अपने हक के लिए प्रतीक्षा न करनी पड़े। कवल जुनेजा ने बताया कि बीते अढाई वर्षों में उन्हें कई बार पारिवारिक जरूरतों को पूरा करने के लिए कर्ज लेना पड़ा। बच्चों की पढ़ाई, घर की जरूरतें और स्वास्थ्य संबंधी खर्चों को पूरा करना एक बड़ी चुनौती बन चुका था।



कैथल। जांच व पूछताछ करते पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### नशा तस्करों की धरपकड़ को पुलिस ने चलाया अभियान

**कैथल।** नशा तस्करो की धरपकड़ व अन्य अपराधीक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए एसपी आस्था मोदी के निर्देशनुसार डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में कैथल पुलिस लगातार प्रयासरत है। रविवार की सुबह थाना ढांड, शहर, सदर व गुहला तथा चौकी अनाजमंडी व चौकी संगतपुरा क्षेत्र में कमांडो दस्ते के साथ 30 पुलिस टीमों में शामिल करीब 250 पुलिस कर्मचारियों द्वारा स्नाईपर डॉग की सहायता से सर्च आपरेशन चलाया गया। जिसके तहत पूरे क्षेत्र में आमजन के मन में सुरक्षा के भावों को पूख्ता किया गया व करीब 200 संदिग्ध घरो की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छीपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या अपराधीक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो।

### बरवाला ब्रांच नहर में डूबे युवक का नही लगा सुराग

**जींद।** गांव काकडौद के निकट बरवाला ब्रांच में डूबे भिवानी रोड जींद निवासी युवक का दूसरे दिन भी कोई सुराग नही लगा। उचाना थाना पुलिस तथा परिजन नहर पर नजर बनाए हुए हैं। भिवानी रोड निवासी मोनू 25 तथा उसका दोस्त कुलदीप 27 गत दिवस कार्यवश गांव काकडौद गए हुए थे। वापसी के दौरान शाम को दोनो गांव के निकट से गुजर रही बरवाला ब्रांच नहर में नहाने लगे। उसी दौरान मोनू नहर में डूब गया। लोगों ने तलाश भी लेकिन मोनू का सुराग नही लगा। अंधेरा होने के कारण रेसक्यू अभियान को रोक दिया गया। रविवार को सुबह पुलिस गोताखोरों के साथ नहर पर पहुची और तलाश अभियान चलाया लेकिन मोनू का कोई सुराग नही लगा। फिल्हाल पुलिस तथा परिजन नहर पर नजर बनाए हुए है।

**शिक्षा के लिए चार किमी.का सफर पैदल तय करने को मजबूर**

# गांव खुरडा के छात्रों को सरकारी बस का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव खुरडा में आज भी बस सुविधा न होने के कारण छात्र-छात्राओं को सबसे ज्यादा परेशानी जेलनी पड़ रही है। सर्दी गर्मी बरसात के मौसम में भी छात्रों को 4 किमी.का सफर पैदल तय करना पड़ता है या फिर छात्रों को जिला करनाल के गांव खेड़ी सरफअली तक बस में बैठकर वहां से फिर दो किलोमीटर पैदल चलकर अपने गांव पहुंचना पड़ता है। बता दें कि गांव खुरडा में केवल मिडिल तक का ही स्कूल है इससे आगे की शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्र-छात्राओं को राजौंद जाना पड़ता है। गांव से निजी साधन व बस सुविधा न होने के कारण छात्रों को पैदल सफर तय करना पड़ता है। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग को बस सुविधा शुरू करने की मांग की, लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं की गई। कई बार मौसम में खराबी के चलते छात्र छात्राएं स्कूल भी नहीं पहुंच पाते। सबसे ज्यादा समस्या छात्राओं को झेलनी पड़ रही है। आलम ये है कि तीन-चार किमी का सफल छात्र-छात्राओं को पैदल तय करके शिक्षा ग्रहण करनी पड़ रही है। ऐसे हालातो में शिक्षा कैसे ग्रहण की जाती है यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।



राजौंद। खुरडा की छात्राएं छुट्टी के बाद पैदल चलकर अपने गांव पहुंचती हुई।

**गांव सुविधाओं से वंचित**

उधर ग्रामीण राजकुमार, सुभाष, रमेश, पूर्व सरपंच विजय कुमार, सोमपाल ने कहा कि यह राजौंद ब्लॉक व जिला कैथल का आखिरी गांव होने का कारण पूरी तरह सुविधाओं से वंचित है।

### कैथलःजमीनी संघर्ष में दो महिलाओं सहित 6 घायल

**कैथल।** गांव भागल में जमीनी संघर्ष में दो महिलाओं सहित छह व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। इस संबंध में भागल के जगजीत सिंह ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ 4 जून को डिपाल का पानी खाल बहाने को लेकर राजबीर, चरन्जी लाल व टेकचन्द की आपस मे लडाई झगडा हुआ था। उस झगडा से उसका कोई लगाव नहीं था। 5 जून को लाल सिंह निवासी भागल अपने खेत जोत रहा था जो लाल सिंह ने कर्मजीत व अमृत पाल उर्फ माली की जमीन का आपस मे तबादला किया हुआ था और कर्मजीत ने अपनी जमीन छुड़वा ली। जब लाल सिंह जमीन जोतने गया तो राजबीर, सतनाम, चरन्जी लाल, सुखविन्द्र, सरोज, सुमन, टेकचन्द, सन्तोष, नौगिता, आशी, रितू ने मिलकर हमला कर दिया।

## खबर संक्षेप

### खेत से बिजली केबल चोरी, मामला दर्ज

जींद। गांव लोधर में बीती रात चोरों ने खेतों में कीमती बिजली केबल को चोरी कर लिया। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव लोधर निवासी चांदी राम ने शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने खेत में लगे ट्यूबवैल से कीमती बिजली केबल को चोरी कर लिया। उचाना थाना पुलिस ने चांदी राम की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है।

### योग शिविर का आयोजन किया

जींद। आयुष विभाग जींद द्वारा जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला के दिशा-निर्देशन में आर्ट ऑफ लिविंग परिसर में ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी हेतु योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आयुष योग सहायक नवनीत और नीलम ने उपस्थित 50 प्रतिभागियों को योग प्रोटोकॉल का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया।

### राहगीरों को ठंडा और मीठा पानी पिलाया

जींद। जैन स्थानक उचाना के पास युवा सेवा मंच और सर्व समाज ने ठंडे पानी की छबील लगाई। समिति के सदस्यों ने पूरे दिन सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को ठंडा और मीठा पानी पिलाया। प्रधान सुशील मलिक ने कहा कि गर्मी में प्यासे लोगों को पानी पिलाना उन्हें नया जीवन देने जैसा है। उन्होंने बताया कि पहले गांवों में महिलाएं चौपालों और बैठकों में मिट्टी के घड़े भरकर रखती थीं। इससे गर्मी में प्यासे लोगों की मदद होती थी।

### पर्यावरण का संदेश दे पौधरोपण किया

जींद। स्वामी गणेशानंद सनातन धर्म शिक्षण महाविद्यालय उचाना कलां में पर्यावरण का संदेश देते हुए पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था निदेशक विनोद कुमार, युजवेंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह ने पौधारोपण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वशिष्ठ ने बताया कि विश्व भर में जो जलवायु परिवर्तन हो रहा है वह निरंतर पेड़ों की कटाई के कारण हो रहा है। इसलिए हमारा भी फर्ज बनता है कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधारोपण करें।

### बच्चों ने पटियाला चौक पर लगाई छबील

जींद। गर्मी की तीव्रता से राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से पटियाला चौक पर बिजली घर के समीप एक छबील का आयोजन किया गया। इस छबील की विशेष बात यह रही कि इसका आयोजन विशेष रूप से क्षेत्र के बच्चों द्वारा किया गया। बच्चों ने न केवल इस छबील के लिए स्वयं आर्थिक योगदान दिया बल्कि अन्य लोगों से सहयोग लेकर संपूर्ण आयोजन की व्यवस्था भी खुद संभाली।

### कूड़ा डस्टबिन में डालने की आदत अपनाएं

जींद। सेव संस्था ने जींद के देवीलाल चौक, भगत सिंह मार्केट, भिवानी रोड अंडरपास एरिया तक संस्था अभियान किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 428 वां अभियान था। सेव संस्था के सदस्यों ने लोगों को समझाते कहा कि हम सभी ने कूड़ा डस्टबिन में डालने की आदत अपनाना चाहिए।

### सीआरएस यूनिवर्सिटी में एडमिशन प्रक्रिया प्रारंभ

जींद। एबीवीपी जींद यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय ने अपने एडमिशन फार्म शुरू कर दिए हैं। यूजी व पीजी कोर्स में एडमिशन लेने के सभी छात्र 29 जून को शाम पांच बजे तक अपना फार्म भर लें। सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स के फॉर्म 15 जुलाई को शाम पांच बजे तक भरे जाएंगे। यूजी, पीजी कोर्स के एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम दो और तीन जुलाई को होगा।

### पीडब्ल्यूडी की 05 सेवाएं राइट टू सर्विस एक्ट के दायरे में

जींद। हरियाणा सरकार ने लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग की पांच सेवाओं को सेवा का अधिकार अधिनियम 2014 के दायरे में लाते इनकी समय-सीमा निर्धारित की है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जानकारी देते बताया कि मुख्य सचिव द्वारा इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है।

## राज्य सूचना आयुक्त ने अभिनंदन समारोह को किया संबोधित

# लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा निपटान : कर्मवीर सैनी

### *लोगों से सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान*

### विधायक रामकुमार गौतम ने सैनी धर्मशाला के लिए 21 लाख देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की एक ही सोच है कि सरकार की जो भी कल्याणकारी योजना बने, उसका लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और न्याय भी अंतिम व्यक्ति तक मिले। किसी जरूरतमंद को अपने हकों के लिए भटकना न पड़े। उन्ही के दिशा-निर्देशानुसार हरियाणा सूचना आयोग की यह प्राथमिकता है कि सबसे पहले आयोग में सूचना से संबंधित लंबित मामलों का निपटान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ताकि प्रदेश में किसी भी पात्र व्यक्ति को सूचना के अधिकार के अन्तर्गत कोई परेशानी न होने पाये। राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने यह बात रविवार को सफीदों कस्बे की सैनी धर्मशाला में आयोजित अपने विशाल अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते कही। उन्होंने कहा कि आरटीआई कानून के तहत जितनी भी ताकत उन्हें मिली है, उसका ईमानदारी के साथ कानून के दायरे में रहते पूरी निष्ठा से पालन करूंगा और यह सुनिश्चित भी करूंगा कि उनकी कलम से सभी को न्याय मिले। कर्मवीर सैनी ने कहा कि अब प्रदेश के सर्वोच्च पदों में शुमार राज्य सूचना आयुक्त के संवैधानिक पद का दायित्व सौंपा है। इसके लिए वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के साथ-साथ सफीदों विधानसभा क्षेत्र की जनता, समर्पित साथियों एवं कार्यकर्ताओं का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार व संगठन में पद तो आते-जाते रहते हैं लेकि न वे किसी भी पद पर रहें, सफीदों क्षेत्रवासियों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उनके घर और दफ्तर के दरवाजे लोगों के लिए 24 घंटे खुले रहेंगे। राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने लोगों से आह्वान करते कहा कि वे सरकार की नीतियों लाभ उठाएं और उन्हें जन-जन तक भी पहुंचाएं लेकिन इसके साथ-साथ सामाजिक बुराइयों के खिलाफ भी हुंकार भरें। क्योंकि आज नशाखोरी से समाज खोखला होता जा रहा है। शुद्ध पर्यावरण और स्वच्छता की कमी के कारण जनजीवन पर विपरीत असर पड़ रहा है। दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराई के कारण परिवार उजड़ हैं। ऐसे में हम सभी को मिलकर इनपर अंकुश लगाना होगा। इसके लिए ग्राम व वार्ड स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की बहुत जरूरत है। समारोह को संबोधित करते सफीदों के भाजपा विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी आज के कार्यक्रम के हीरो हैं। इन्होंने विधानसभा चुनाव में मेरी खूब मदद की। सरकार ने उन्हें बड़ा सम्मान दिया है। विधायक रामकुमार गौतम ने इस अवसर पर अपने विधायक कोटे से सैनी धर्मशाला के लिए 21 लाख रुपये अनुदान देने की घोषणा भी की। राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी के सम्मान में सफीदों की सैनी धर्मशाला में आयोजित समारोह में सर्व समाज के लोगों ने अलग-अलग पगड़ी पहनाकर, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट करके राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी का अभिनंदन किया।


जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते कर्मबीर सैनी। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सफीदों के भाजपा विधायक रामकुमार गौतम, कनाडा के नेता प्रतिपक्ष के राजनीतिक सलाहकार गुलाब सैनी, पूर्व विधायक कलीराम पटवारी, कनाडा से पहुंचे डा. गजेंद्र अहलावत, राहुल सैनी, सेलर एसोसिएशन सफीदों के प्रधान सुभाष जैन, करनैल सिंह, कैप्टन योगेश बैरागी, सुरेश कौशिक सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# तीन साल से अधर में लटका भिवानी रोड अंडरपास का कार्य दोबारा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भिवानी रोड पर पिछले तीन वर्षों से अधर में लटके अंडरपास निर्माण कार्य को एक बार फिर से प्रारंभ किए जाने पर जींद विकास संगठन के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। कहा कि इस देरी ने शहरवासियों को जहां भारी परेशानी में डाला वहीं अब कार्य शुरू होना सकारात्मक संकेत है। गोयल ने बताया कि यह अंडरपास प्रोजेक्ट दिसंबर 2022 में शुरू हुआ था और इसे मार्च 2024 तक पूर्ण होना था। आज जून 2025 आ चुका है लेकिन यह निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। पिछले डेढ़ माह से काम बंद है। तीन साल से इस रोड पर आवागमन बंद होने की वजह से न केवल क्षेत्रवासियों को आवागमन में दिक्कतें आ रही है दर्जनों कालोनियों के लोगों को लंबे समय तक गंदगी, जलभराव और धूल जैसी समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है।


जींद। निर्माण कार्य में लगे मजदूर। फोटो :हरिभूमि


जींद। किसानों को विविध जानकारी देते विशेषज्ञ। फोटो :हरिभूमि

### मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों के लिए फायदेमंद

जींद। कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा व कृषि एवं किसान कल्याण विभाग जींद के वैज्ञानिक एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण रविवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत विभिन्न गांवों में जाकर किसानों से रूबरू हुए और खेतीबाड़ी व पशुधन से जुड़ी शंकाओं का निदान किया। गांव दनौदा खुर्द, सच्चाखेड़ा, धर्मगढ़ में केंद्रीय लवणता अनुसंधान संस्थान करनाल से वैज्ञानिक डा. भास्कर ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनवाने की सिफारिश करते हुए बताया कि यह किसानों के लिए फायदेमंद होता है। करनाल से डा. अश्विनी कुमार ने धान की किस्मों, छोटी अवधि की अधिक उत्पादन वाली किस्मों, धान की सीधी बिजाई से खरपतवार प्रबंधन की जानकारी दी। राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल के डा. गौरव देशवाल ने पशुओं के दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने वाली विधियों के बारे में बताया। उन्होंने गेहूं की फसल में आने वाली बीमारियों तथा इससे बचाव के लिए किसानों को विस्तार से जानकारी दी।

### लाखों रुपये की धोखाधड़ी का आरोपित चालक काबू

जींद। शहर थाना नरवाना पुलिस ने किन्नर महंत के लाखों की नगदी, जेवर तथा लोगों से उधार राशि लेकर फरार आरोपित चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। बसंता राम कालोनी नरवाना निवासी योगी रेशम नाथ उर्फ महा मंडलेश्वर रेशमा किन्नर ने गत पांच जनवरी को पुलिस को दी शिकायत मे बताया था कि फतेहपुर शेखावटी राजस्थान निवासी रिजवान उसके पास चालक का कार्य करता था। दो माह पहले रिजवान दो मोबाइल फोन, लगभग आठ तोले सोना, चार लाख 60 हजार की नकदी लेकर फरार हो गया। इसके अलावा शहर के लोगों से लगभग दो लाख उधार लेकर गया हुआ है। संपर्क साधने पर आरोपित जल्द वापस आन तथा रुपये व जेवरात वापस लौटाने की बात कही थी। बावजूद इसके वह वापस नही लौटा। शहर थाना नरवाना पुलिस ने मंहत रेशमा की शिकायत पर आरोपित रिजवान के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। शहर थाना नरवाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सूचना के आधार पर चालक रिजवान को गिरफ्तार कर लिया।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

जींद। अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन डिवीजन नरवाना के प्रांगण में किया गया। प्रदेश कार्यकारिणी से प्रदेश सचिव सुभाष शर्मा ने कहा कि जैसा हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीरवार को मीडिया से बातचीत में सर्विस एक्ट लागू करने में हो रही देरी के बारे में बयान दिया है। कहा कि हमने सर्विस रूल बना कर कर्मचारी संगठनों को उनकी कापी दी ताकि सर्विस रूल में अगर कोई कमी या सुझाव हो तो संगठन का अध्ययन करके अपना सुझाव दें। भारतीय मजदूर संघ ने एक सप्ताह बाद ही अपने सुझाव सरकार को दे दिए थे। उसके बाद तो सरकार के साथ दो या तीन दौर की बातचीत भारतीय मजदूर संघ संगठन की हरियाणा सरकार के साथ हो चुकी है। जिसमें कुछ बिंदुओं पर जैसे मुख्य रूप हाउस रेंट देने और भी कई अन्य बिंदुओं पर चर्चाएं हुई और सरकार ने जल्द सर्विस लागू करने के बारे में हर मीटिंग में आश्वासन दिया। बैठक में जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र श्योकंद, जिला अध्यक्ष लोकेश, जिला सचिव सागर, महेंद्र शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।



नरवाना। धरने पर बैठे मजदूर नारेबाजी करते हुए। फोटो :हरिभूमि


जींद। मीटिंग में भाग लेते संघ पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### लेबर चौक की मांग को लेकर भूख हड़ताल जारी

नरवाना। लेबर चौंक पर छठे दिन भी भूख.हड़ताल जारी रही। मजदूर एकता केंद्र;एम ई केन्द्र के सदस्यों ने शहीद भगत सिंह चौक पर एकत्रित होकर असंगठित मजदूरों के लिए एक लेबर चौक बनवाने की मांग को लेकर आज से 12 घण्टे की क्रमिक भूख हड़ताल जारी रखीए संगठन के साथी कुलदीप और विक्रम रविवार सुबह 8 बजे भूख हड़ताल पर बैठ गए।संगठन के साथी कुलदीप ने बताया कि मांगें मान जाने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। मजदूरो ने नरवाना प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। साथी विक्रम ने कहा कि आज उनकी भूख हड़ताल का छठा दिन है लेकिन अभी तक प्रशासन और सरकार का कोई भी अधिकारी मजदूरों की सूध लेने नहीं आया। इसलिए सभी मजदूरों और अन्य जन संगठनों जिस में किसान, कर्मचारी, छात्रए सफाई कर्मी और अन्य विपक्षी दल के प्रतिनिधियों ने फैसला लिया है की दस जून को मंगलवार के दिन चेयरमैन ऑफिस तक प्रदर्शन कर चेयरमैन ऑफिस का घेराव किया जाएगा।

### तहसील कार्यालय में किसानों का धरना जारी

नरवाना। तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में आज 1146 वें दिन भी जारी रहा। मंच सांझा करते मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा ने बताया कि भारत में किसानों के संघर्षों का इतिहास उतना ही पुराना है एजितनी खेती और किसानी है। धरती के इस हिस्से पर कृषि काफी पुरानी है करीब 7 वर्ष पुरानी हड़प्पा सभ्यता का आधार भी कृषि और वाणिज्य ही था। किसानों का यहां के राजे रजवाड़ों,अंग्रेजों और आजादी के बाद की सरकारों के साथ अपनी नस्ल और फसल बचाने का संघर्ष हमेशा जारी रहा है । सरकार किसान और किसानी को उजाडने पर तुली है ताकि कॉरपोरेट घरानों को सस्ते मजदूर मुहैया कराए जा सकें जो केवल खेती को उजाड़ कर ही मिल सकते हैं । इस लिए किसानों को संगठित हो कर संघर्ष करने की जरूरत है क्यों कि अपनी दाहडी की आग खुद ही बुझानी पड़ती है। आज के कार्यकर्म में रामधारी बलदेव सिंह, हवा सिंह फतेह सिंह आदि मौजूद रहे।


नरवाना। धरने पर बैठे किसान। फोटो :हरिभूमि


जींद। शिविर में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### धनखड़ी स्कूल में भाषा कैंप संपन्न

जींद। राजकीय उच्च विद्यालय धनखड़ी में दो से लेकर आठ जून तक भारतीय भाषा कैंप का आयोजन किया गया। शिक्षक अनंतराम शास्त्री और राजकुमार ने कहा कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को देश की अलग-अलग भाषाओं के बारे में जानकारी देना थाए जिससे विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि हो। राजकीय स्कूल के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के कैंप का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर रामकुमार, सोहन, अशोक और सत्यवान भी मौजूद रहे।


नरवाना। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकारिणी। फोटो :हरिभूमि

### कैलाश सिंगला तीसरी बार चुने प्रधान

नरवाना। मानव सेवा समिति नरवाना के 6 वर्ष पूर्ण होने की खुशी में होटल साल्वी प्लेस में बैठक रखी गई जिसमें सभी संस्था सदस्यों ने भाग लिया संस्था कार्यकारिणी द्वारा पुनः तीसरी बार कैलाश सिंगला पूर्व नगर परिषद चेयरमैन को संस्था का प्रधान चुना गया वह सभी सदस्यों ने कैलाश सिंगला को सहर्ष प्रधान बनने पर बधाई दी इस संस्था द्वारा भविष्य में शहर में होने वाले सभी प्रकार के जयंती व सामाजिक जलसों में अपनी सेवा करने का निर्णय लिया व सभी सदस्यों की विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाने के लिए कार्य करने के लिए सब कमेटी का गठन किया गया व संस्था द्वारा पूर्व में किए गए सभी सामाजिक कार्यक्रमों पर चर्चा की वह भविष्य की रूपरेखा तैयार की मीटिंग में मुख्य रूप से उपस्थित डॉ वीरेंद्र चोपड़ा,मनफूल कुंडू, कुलदीप कौशिक, नरेश मौजूद रहे।

# शिविर में पचास यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव बोहतवाला के पेट्रोल पंप पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 50 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। कंडेला खाप के प्रधान धर्मपाल कंडेला ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर इनेलो जिला प्रधान बिजेंद्र रेढ़ू ने भी रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को कंडेला खाप के प्रधान धर्मपाल, इनेलो जिला प्रधान विजेंद्र रेढ़ू, जाट आईटीआई प्रिंसिपल पवन रेढ़ू, प्रो. दयानंद और मास्टर कर्मवीर ने प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और रक्त संग्रहण टीम को भी सम्मानित किया गया। खाप प्रधान ने रक्तदान को एक पुण्य कार्य बताते हुए युवाओं से इसमें सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। क्योंकि एकत्रित रक्त जरूरतमंदों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और जीवन रक्षा में सहायक होता है। इसलिए इसमें सक्रिय सहभागिता आवश्यक है और युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए। क्योंकि यह शारीरिक और आर्थिक क्षति पहुंचाता है तथा सामाजिक प्रतिष्ठा को भी कम करता है। हमें खेलकूद में भाग लेना चाहिए और युवाओं को सामाजिक कार्यों में भी बजट उपलब्ध कराकर सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए।


जींद। कार्यक्रम में आयोजकों के साथ मौजूद अतिथि। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### भाषा समर कैंप का समापन

नरवाना। प्राचार्य संजय चौधरी ने बताया कि पी एम श्री राजकीय विद्यालय बडनपुर में भारतीय भाषा समर कैंप का सातवें दिन समापन समारोह का आयोजन। कैंप के सातवें एवं अंतिम दिन विद्यार्थियों को ओपन जिम में एक्सरसाइज कराई गई। राजेश श्योकदए अरुण वर्माएकृष्ण आर्य ने ने प्रेरणादायक भाषण दिया। तथा कैंप के महत्व के बारे में बताया। आशा चौधरी ने बच्चों से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी करवाए । कैंप में सभी को गुरु जी की दूध वाली ठंडाई पिलाई गई तथा बिस्किट वितरित किए गए । कैंप में भाग लेने वाले 60 बच्चों को एक.एक रजिस्टर एक.एक पेन एक.एक मेडल से सम्मानित किया गया।आज के कैंप का संचालन प्रवक्ता केमिस्ट्री राजेश श्योकद ने किया। गांव सरपंच गगनदीप, एमसी के प्रधान नानूराम, पंच टिंकू, कुलदीप सिंह एनसीब सिंह एराम मेहर एसतपाल सिंह एप्रोफेसर राजेश , शिक्षाविद धर्मपाल सिंह ज्ञानी आदि गांव के गण मान्य व्यक्तियों ने सात दिवसीय सफल कैंप की बधाई दी। विद्यालय एसएमसी की उपप्रधान कविता, मेंबर सीमा प्रीति की उपस्थिति रही।

## अर्जुन स्टेडियम में जिलास्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन

# योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें: हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अर्जुन स्टेडियम में रविवार को जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने कहा कि योग शरीर को बीमारियों से दूर रखने में मदद करता है। योग करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इसके अलावा योग शारीरिक और मानसिक शांति को बढ़ाता है। ऐसे में हर किसी को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। सरकार ने योग को खेल के रूप में पहचान दी है। जिससे खिलाड़ियों का योग के प्रति रुझान बढ़ा है। ऐसे में खिलाड़ियों को कॅरियर बनाने में योग के रूप में बेहतर विकल्प मिला है। यह रहे परिणामः जिला स्तरीय प्रतियोगिता के अलग-अगल आयु वर्ग की कैटेगरी में कुल 133 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें 80 पुरुष और 53 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। लड़कों की दस से 14 साल के आयु वर्ग की कैटेगरी में आर्यन ने प्रथम, अर्पित ने दूसरा और अंशु ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं 14 से 18 साल के वर्ग में हिमांशु ने प्रथम, विनय ने दूसरा और हर्षित ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं 18 से 28 वर्ष की कैटेगरी में अभिषेक ने प्रथम, चेतन ने दूसरा और पवन ने तीसरा स्थान हासिल किया। 28 से 40 वर्ष की कैटेगरी में नवनीत ने प्रथम, कुलदीप ने दूसरा और प्रमोद कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। 40 से 60 आयु वर्ग की कैटेगरी में कर्णदेव ने प्रथम, संतराम ने दूसरा और बिजेंद्र ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं 60 से ज्यादा आयु वर्ग में राज सिंह ने प्रथमए संधु ने दूसरा और सत्यनारायण ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं लड़कियों की प्रतियोगिता में दस से 14 साल की कैटेगरी में मीनाक्षी ने प्रथम, परिधि दहिया ने दूसरा और वंदिता ने तीसरा स्थान हासिल किया। 14 से 18 साल की कैटेगरी में स्नेहा ने प्रथम, आंचल ने दूसरा और ललिता ने तीसरा स्थान हासिल किया। 18 से 28 आयु वर्ग की कैटेगरी में प्रीति ने प्रथम, सिमरन ने दूसरा और पूजा ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं 28 से 40 साल की कैटेगरी में रीना ने प्रथम, नीलम ने दूसरा और पूनम ने तीसरा स्थान हासिल किया। 40 से 60 साल की कैटेगरी में यशोदा ने प्रथम आर नीतू ने दूसरा स्थान हासिल किया।


जींद। प्रतियोगिता में योगासन कर दिखाते खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि


जींद। कैंप को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### कौशल विकास की जानकारी दी

जींद। जवाहर नवोदय विद्यालय खुंगा कोठी में चल रहे कैंप के आठवें दिन की शुरुआत कैडेट्स के कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई आकर्षक गतिविधियों की एक श्रृंखला के साथ हुई। दिन की शुरुआत कैडेट्स ने अपने समन्वय और टीमवर्क को बेहतर बनाने के लिए ड्रिल मूवमेंट का अभ्यास करके की। इसके बाद कैडेट्स ने नेविगेशन टूल्स और तकनीकों के बारे में सीखा। इसके बाद परामर्शदाता डा. नरेश जगलान ने मोबाइल एडिक्शन पर एक व्याख्यान दिया। शाम को कैडेट्स ने टेंट पिचिंग प्रतियोगिता में सिविल डिफेंस की तैयारी के लिए अपनी टीमवर्क और प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया। एनसीसी कैंप का आठवां दिन कैडेट्स के लिए एक उत्पादक और आकर्षक अनुभव था। जिसमें कौशल विकास, जागरूकता और टीमवर्क पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने 11 साल में कागजी विकास किया

**कैथल।** हरियाणा में भाजपा सरकार जनता पर नए-नए प्रयोग कर रही है। कभी बिजली के मीटर घरों से बाहर करवा रही थी, अब प्रीपेड मीटर लगाने की तैयारी में जुटी है। सवाल उठता है कि यदि जनता को बिजली, पानी, स्वास्थ्य, परिवहन, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के मामले में भी सरकार कोई कदम क्यों नहीं उठा रही और इन सेवाओं के लिए शुल्क भी पहले क्यों मांग रही है ?'हर घर जल' का नारा अब तक सिर्फ नारों तक ही सीमित है, धरातल पर हकीकत कुछ और है।

### कॉलेज में मासिक संगोष्ठी आयोजित

**कैथल।** साहित्य सभा कैथल की मासिक समीक्षा गोष्ठी आज दिनांक 08जून को स्थानीय आर.के.एस.डी कालेज में आयोजित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता कमलेश शर्मा व संचालन रिसाल जांगड़ा ने किया। गोष्ठी का आगाज सतपाल पाराशर आनंद की लघुकथा 'घर के आंसू' से हुआ। डा.विकास आनंद ने कहा अवैध खनन माफिया ने आतंक मचाया, प्रकृति रोई।

### ब्रह्माकुमारीज सुख शान्ति भवन में किया पौधारोपण

**राजौंद।** ब्रह्माकुमारीज सुख शान्ति भवन राजौंद द्वारा गांव फरियाबाद में विश्व पर्यावरण को शुद्ध बनाने हेतु एक पेड़ मां के नाम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने कहा की आज पर्यावरण को सुरक्षित करने की बहुत अधिक जरूरत है और वातावरण में परिवर्तन के लिए भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए आप सभी के सहयोग जरूरी।

### पूर्व सैनिक एसोसिएशन की कार्यकारिणी चयनित

**कैथल।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल की हनुमान वाटिका में चुनाव समिति के आदेश पर मीटिंग का आयोजन किया गया एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि इसमें पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया और पेंशन से संबंधित आई समस्याओं के बारे में 13 जून को ईसीएचएस पॉलिक्निक कैथल में स्टेशन हेडक्वार्टर अम्बाला कैंट से लगने वाले समाधान शिवर में बुलाया गया।

### श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवा समिति की बस रवाना

**कैथल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवा समिति कैथल द्वारा निशुल्क धार्मिक बस यात्रा रवाना श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवा समिति कैथल द्वारा श्री मेहंदीपुर बालाजी धाम खाटू श्याम धाम व सालासर धाम के लिए निशुल्क मासिक बस यात्रा को रवाना किया गया। इस बस यात्रा में 61 श्रद्धालु धार्मिक स्थलों की यात्रा पर रवाना हुए ।

### विद्यार्थियों ने सीखे नये भाषाई व खेल कूद गुर

**गुहला-चीका।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अगौंध में गत 2 जून से चले आ रहे भारतीय भाषा शिविर का समापन रंगारंग कार्यक्रमों व खेल- कूद गतिविधियों के साथ हुआ। मुख्य अतिथि संजय सिंह और शिविर संचालक अवतार सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत की।

### सिद्ध बाबा मनसा नाथ की मूर्ति स्थापना पर कार्यक्रम

**कलायत।** कलायत के गांव रामगढ़ पांडवा स्थित प्राचीन शिव मंदिर मे सिद्ध बाबा मनसा नाथ की मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम हुए। परंपरा अनुसार इस धार्मिक उत्सव की शुरूआत हुई। इसमें भारी संख्या में महिलाएं, बड़े-बुजुर्ग, युवा और बच्चे उत्साह पूर्वक शामिल हुए।

### गांव धोंस के युवाओं ने लगाई छबील

**पूंडरी।** फरल के नजदीक ढांड-कैथल रोड पर राहगीरों को बांटी 1 हजार से 'यादा फ्रूट, जूसी और कोल्ड ड्रिंक की बोतल गांव धोंस के दर्जनों युवाओं ने तपती दोपहर में मानव सेवा की एक मिसाल कायम करते हुए फरल के नजदीक ढांड-कैथल मार्ग पर छबील लगाई।

4 से 7 तक रोहतक में हुई जूनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप

# जूनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कैथल के बॉक्सरों ने झटके 8 पदक



कैथल। खेलों में अव्वल रहे खिलाड़ियों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

पदकों में 2 स्वर्ण, 1 रजत और 5 कांस्य शामिल हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

4 से 7 जून तक रोहतक में चल रही जूनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कैथल के बॉक्सरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 8 पदक अपने नाम किए। इनमें 2 स्वर्ण, 1 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल हैं। इस जीत के साथ कैथल का नाम रोशन हुआ है। चैंपियनशिप में जन्नत (54 किग्रा) और चिराग दीप (+80 किग्रा) ने अपने-अपने भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर कैथल का गौरव बढ़ाया। इन दोनों खिलाड़ियों का चयन अब नेशनल चैंपियनशिप के लिए भी हो गया है। नेशनल चैंपियनशिप 17 से 26 जून तक रोहतक (एन.बी.ए.) में खेली जाएगी, जिसमें पूरे भारत की सभी राज्यों की टीमें भाग लेंगी। अन्य पदक विजेता बॉक्सरों में पायल (70 किलोग्राम ) में रजत पदक नैंसी (48 किग्रा) , मानवी (50 किग्रा), तन्नू संधू (63 किग्रा), शिव सागर (63 किग्रा) और समीर (50 किग्रा) ने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इन बॉक्सरों ने अपनी इस शानदार जीत का श्रेय अपने कर्मठ कोचों को दिया। उन्होंने कोच राजेंद्र सिंह, कोच विक्रम धुल, कोच गुरमीत सिंह, कोच अमरजीत सिंह और कोच देवेंद्र का आभार व्यक्त किया।

#### युवा बॉक्सरों ने जिले का मान बढ़ाया

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर करमबीर फौजी, सुनील पी.टी.आई., कुलविंदर, दीपक, महिंदर पी.टी.आई., रणधीर पी.टी.आई., किरणपाल, रमेन, राहुल, प्रधान आर.के.एस.डी. कॉलेज अश्वनी शोरवाला, प्रधान फामेर्सी कॉलेज नवनीत गोयल, पूर्व प्रधान साकेत मंगल, गुरदीप भोला, जिला खेल अधिकारी कैथल राजरानी, सुरेश कुमार, प्रशांत, अनिल कुमार प्रेसिडेंट अवार्डी, जोगिंदर जूडो कोच और दीपक सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कैथल के इन युवा बॉक्सरों ने अपनी मेहनत और लगन से जिले का मान बढ़ाया है।

## पक्षियों के लिए वितरित किए आशियाने

- एक पेड़ मां के नाम मुहिम की भी की घोषणा
- तपती गर्मी में परिंदों के लिए बांटे 100 आशियाने

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी



पूंडरी। रवि वर्मा राहगीरों को पक्षियों के आशियाने बांटते हुए। फोटो : हरिभूमि

पूंडरी के मुख्य बाजार में लवली 'वेलर्स के संचालक और समाजसेवी रवि वर्मा ने तपती गर्मी में पक्षियों की सुरक्षा और सहारे के लिए अनूठी पहल की। उन्होंने स्वनिर्मित 100 पक्षी आशियानों को वितरित कर यह संदेश दिया कि जिस तरह इंसानों को छांव की जरूरत है, उसी तरह परिंदों को भी घर चाहिए। उन्होंने बाजार में स्वयं उपस्थित रहकर राहगीरों और दुकानदारों को ये आशियाने वितरित किए।रवि वर्मा ने कहा कि आज के समय में तेजी से हो रही पेड़ों की कटाई के चलते पक्षियों को रहने के लिए सुरक्षित स्थान नहीं मिल रहे। ऐसे में अगर हर इंसान अपने घर या दुकान के बाहर एक आशियाना लटका दे, तो यह प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभा सकता है।

## शिष्य का समर्पण ही गुरु की सच्ची आरती है: साध्वी प्रीति भारती

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



कैथल। साध्वी प्रीति भारती प्रवचन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

दिव्या ज्योतिजागृति संस्थान द्वारा आर.के.एस.डी कॉलेज के सामने स्थित प्रोफेसर कॉलोनी आश्रम में साप्ताहिक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम परम पूजनीय श्री आशुतोष महाराज जी की दिव्य शिक्षाओं पर आधारित रहा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया। साध्वी प्रीति भारती ने परम पूज्य आशुतोष महाराज जी के तत्वज्ञान को सरल एवं भावपूर्ण शब्दों में प्रस्तुत करते हुए कहा कि एक सच्चा शिष्य जब अपने सतगुरु के चरणों में समर्पित होता है, तो उसके हृदय से जो भाव प्रकट होते हैं, वे किसी भी बाह्य पूजा-पद्धति से कहीं अधिक श्रेष्ठ होते हैं। वह कहता है हे गुरुदेव! मैं आपकी आरती करना चाहता हूं, परंतु वह दीपक कहां से लाऊं जो आपके भीतर विद्यमान करोड़ों सूर्य के प्रकाश से तुलनीय हो सके यह भाव दशार्ता है कि जब गुरु स्वयं ब्रह्मज्ञान स्वरूप हों, तो उनके पूजन की परंपरागत विधियां भी सीमित प्रतीत होती हैं। साध्वी ने आगे कहा कि एक समर्पित शिष्य के लिए उसका जीवन ही गुरु की सेवा में अर्पित होता है। उसके कर्मों में यदि कोई प्रेरणा है तो वह गुरु की आज्ञा है।

## भाजपा देगी पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत ने पार्षदों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



कैथल। थाना प्रभारी रामनिवास शर्मा और पार्षदों से बातचीत करते भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत। फोटो : हरिभूमि

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संकल्प सिद्धि के मूल मंत्र को लेकर जनसंवाद अभियान तेज किया जाएगा।इसके तहत भाजपा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की है। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। साथ ही मातृभक्ति को वृक्षारोपण के माध्यम से व्यक्त करना है।यह जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत ने दी।वे पार्षद कुमारी रेणु धानियां के आवास पर पार्षदों से रूबरू थे।राजपूत ने बताया कि अभियान के तहत प्रत्येक कार्यकर्ता एक वृक्ष अपनी मां के नाम पर लगाएगा और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी लेगा। यह अभियान न केवल हरियाली बढ़ाने का कार्य करेगा बल्कि समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी फैलाएगा।। राजीव राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

## साक्षात्कार में सफलता के लिए आत्मविश्वास और तैयारी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

नारायण सेवा संस्थान शाखा कैथल, द्वारा संचालित दया गुप्ता मानव मंदिर में विद्यार्थियों को सक्षम, आत्मनिर्भर और जागरूक नागरिक बनाने के उद्देश्य से मोटिवेशनल लेक्चर और वैचारिक संगोष्ठियों की श्रृंखला चलाई जा रही है। इसी क्रम में आज का सत्र /"लङ्कङ्ख ङ्क उ१' 'ल्ल कल्ल १्र५रीङ्ख/" विषय पर केंद्रित रहा, जिसमें बतौर वक्ता कर्नल अशोक शर्मा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत में डॉ. मनोज बंसल ने कर्नल अशोक शर्मा का पटका पहनाकर स्वागत किया और नारायण सेवा संस्थान के इतिहास, कार्यों एवं उद्देश्यों से उपस्थितजनों को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि कैथल शाखा द्वारा संयोजक डा. विवेक गर्ग के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग निर्माण एवं वितरण, फिजियोथैरेपी, कंप्यूटर, सिलाई एवं मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण जैसे कार्य निःशुल्क रूप से संचालित किए जा रहे हैं। इसके बाद मुख्य वक्ता रिटायर्ड कर्नल अशोक शर्मा ने विद्यार्थियों को साक्षात्कार की तैयारी, प्रस्तुतिकरण और आत्मविश्वास से जुड़े कई व्यावहारिक सुझाव दिए। साक्षात्कार केवल ज्ञान का नहीं, आत्मविश्वास और दृष्टिकोण का परीक्षण होता है।



## पीएमश्री कन्या स्कूल सीवन में भारतीय भाषा शिविर का समापन

**सीवन।** श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में एक सप्ताह से चल रहे भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का आज विधिवत रूप से समापन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मपाल सहारन ने बताया कि विभागीय आदेशानुसार विद्यालय में यह कैंप बड़ी कक्षा की छात्राओं को प्रतिदिन अनेक रोचक गतिविधियों के माध्यम से भाषा कौशल और विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारियां प्रदान करने के लिए लगाया गया था जिसमें सभी स्टाफ तथा बच्चों ने सहभागिता की और बहुत कुछ सीखा। इसके लिए प्रधानाचार्य ने ग्रीष्मावकाश में एक सप्ताह विशेष रूप से कैंप में उपस्थित होने वाले स्टाफ सदस्यों एवं बच्चों का विशेष आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आज प्रवक्ता लवेल सिंह, सुरेश सैनी, तेजेंद्र ढुल, और गोपाल दास तथा शशिकांता व नीना शर्मा आदि सबने बच्चों को कैम्प में रोचक व ज्ञानवर्धक जानकारियां प्राप्त की।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया

- विधायक जांबा ने शौचालय निर्माण की घोषणा की, शेड निर्माण का भी दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी



पूंडरी। गांव सांच में विधायक सतपाल जांबा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए सभा सदस्य। फोटो : हरिभूमि

गांव सांच में युवा ब्राह्मण सभा द्वारा भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा प्रधान नरेश शर्मा ने की, जबकि मुख्यातिथि के रूप में पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा और विशिष्ट अतिथि के रूप में हलका पूंडरी ब्राह्मण सभा के प्रधान नरेंद्र शर्मा पिलनी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक सतपाल जांबा ने भगवान परशुराम जी के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक वीर योद्धा होने के साथ-साथ धर्म, सत्य, न्याय और विद्या के प्रतीक थे। उन्होंने अन्याय के विरुद्ध शस्त्र उठाया, लेकिन उनका जीवन त्याग, तपस्या और समाज कल्याण के लिए समर्पित रहा।

उनके विचार आज भी युवाओं को प्रेरणा देते हैं। भगवान परशुरामजी ने पिता का वचन भी निभाया और माँ के प्रति अपनी ममता भी दर्शाई। पितृ भगत के चलते ही उन्हें चिरंजीवी होने का वरदान मिला।सभा प्रधान नरेश शर्मा ने धर्मशाला में आवश्यक सुविधाओं को लेकर दो मांगें विधायक के समक्ष रखीं। पहला शौचालय निर्माण और दूसरा 20 बाई 80 वर्गफुट का शेड बनवाना। विधायक सतपाल जांबा ने मांग को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही शौचालय निर्माण की घोषणा की और जल्द ही शेड का निर्माण करवाने का भी आश्वासन दिया।

#### मौजूद रहे

कार्यक्रम में ब्राह्मण सभा की ओर से उपस्थित सभी अतिथियों को भगवान परशुराम जी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भक्ति गीतों, धार्मिक विचारों व सामाजिक एकता का सुंदर संगम देखने को मिला।इस अवसर पर रमेशचंद शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, कोमल शर्मा, रिंकू, सुखदेव शर्मा, विजय कुमार, अजीत शर्मा गांधी, नन्दा पंडित, डॉ. सीताराम व महेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## शारीरिक चित्र व चरित्र के लिए करें योग

- जिलास्तरीय योग प्रतियोगिता बच्चों, युवाओ, बुजुर्गों ने लिया बढ़ चढ़कर भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



कैथल। योग प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली अड्डा कैथल में जिलास्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया द्वारा द्वीप प्रज्जवलन कर योगा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में 10-14 वर्ष के प्रतिभागियों ने वृक्षासन, वकासन, चकासन, पश्चिमोतानासन, सरल नटराजासन, 14-18 वर्ष के प्रतिभागियों ने धनुरासन, गरुडासन, शलभासन, अर्ध मत्सयेन्द्रासन, 18-28 वर्ष के प्रतिभागियों ने पश्चिमोतासन, सरल नटराजासन, उतानपादासन, उष्टरासन, 28-40 वर्ष के प्रतिभागियों ने परिवर्तित त्रीकोणासन गरुडासन, गोमुखासन, भुजंगासन, पश्चिमोतानासन, 40-60 वर्ष के प्रतिभागियों ने वृक्षासन, उत्तानपादासन, वकासन, जानुशीरषासन, अकरण, धनुरासन 60 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागियों ने वीरभ्रदासन, ताडासन, यकासन भुजंगासन, पवनमुक्तासन योग कर के दिखाए। शिक्षा एवं खेल विभाग के सहायक अधिकारी रमेश चहल ने बताया कि योग को जीवन में अपनाकर जीवन को खूबसूरत बनाया जा सकता है, इसलिए नियमित प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास करना चाहिए। जिला प्रभारी महिला पतंजलि योग समिति शांति चौधरी ने बताया कि योग जीवन का माध्यम है योग को नियमित दिनचर्या में अपनाना चाहिए।

## सूरज कॉलेज बीसीए की छात्रा रिया शर्मा ने विश्वविद्यालय में पाया तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



रिया शर्मा



मनीषा

इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर रेवाड़ी द्वारा फाइनल सेमेस्टर के परिणाम में सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने भी परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थियों अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि बीसीए फाइनल सेमेस्टर की छात्रा रिया शर्मा पुत्री नरेंद्र कुमार ने 81.60 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी कोर्स के छात्र आशीष पुत्र कुलदीप सिंह ने 74.00 प्रतिशत अंक लेकर कॉलेज में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में छात्र विवेक कुमार पुत्र दिनेश कुमार ने 68.60 प्रतिशत, हर्ष पुत्र नरेश ने 68.00 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं बीएससी आनर्स फिजिक्स फाइनल सेमेस्टर की छात्रा मनीषा यादव पुत्री सुरेंद्र सिंह ने 88.00 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय में नौवां स्थान प्राप्त करते हुए कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन शिविर

## बच्चों ने पर्यावरण प्रदूषण से जुड़ी पेंटिंग बनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



कैथल। ग्रीष्मकालीन भारतीय भाषा शिविर के दौरान विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में 2 जुन से 7 जुन तक ग्रीष्मकालीन भारतीय भाषा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और खूब आनंद लिया। शिविर में देशभक्ति, सड़क सुरक्षा नियम, सिंदूर ऑपरेशन पेंटिंग, नृत्य, कुकिंग विदाउट फायर जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। इसके अलावा, बच्चों ने पर्यावरण प्रदूषण से जुड़ी पेंटिंग प्रतियोगिता में भी भाग लिया और विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधे भी लगाए। एक विशेष गतिविधि में, बच्चों को एक होटल में ले जाया गया जहां उन्हें ऑर्डर देना और बिल पे करना सिखाया गया। इसके अलावा, ऑटो कन्वर्सेशन का लाइव सेशन भी आयोजित किया गया जिसमें बच्चों ने ऑटो चालकों से बातचीत की और उनसे विभिन्न प्रश्न पूछे।

भारतीय भाषा शिविर के दौरान, बच्चों ने विभिन्न भाषाओं जैसे कि हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी और पंजाबी के महत्व और उपयोग के बारे में जानकारी प्राप्त की और देशभक्ति की भावना भी जागृत हुई।

#### बच्चों को किया प्रेरित

जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उपप्रधान बलजिंदर बनवाला, सचिव रश्मि ढुल और कोषाध्यक्ष बलकार नैन समस्त जाट हाई स्कूल सोसाइटी के सभी कार्यकारिणी सदस्यो ने भी शिविर का दौरा किया। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति और विरासत का ज्ञान भी बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहिए और अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाना चाहिए। शिविर में उपस्थित शिक्षिकाओं सुमन चहल, संतरो देवी, कुसुम लता, सुमन रावीश, उषा रानी, अंजू रानी, अंजू गिल, मीना कुमारी और अमरजीत कौर ने विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया और बच्चों को इन गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### सभी वर्गों के शिक्षकों के तबादले किए जाएंगे

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य प्रधान प्रभु सिंह, महासचिव रामपाल शर्मा, कोषाध्यक्ष संजीव सिंगला, वरिष्ठ उप प्रधान गुरमीत सिंह,संगठन सचिव सुखदर्शन सरोहा,उप महासचिव, कृष्ण नैन, प्रचार सचिव निशा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा व जिला सचिव अमरनाथ किठानिया ने सयुक्त प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि प्राथमिक अध्यापकों से शुरू करते हुए अतिशीघ्र सभी वर्गों के शिक्षकों के तबादले किए जाए। सरकार द्वारा लागू की जा रही नई ट्रांसफर पालिसी पर गंभीर चिंता और तीखी आलोचना व्यक्त की गई। जो पालिसी बनी है उसे संगठनों के बीच स्पष्ट किया जाना चाहिए।

### सिमरन ने मुक्केबाजी में जीता गोल्ड मेडल

**जींद।** गांव कर्मगढ़ की खिलाड़ी सिमरन नैन ने चौथी जूनियर लड़कियां हरियाणा राज्य स्तर मुक्केबाजी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। कोच मनदीप नैन और पिता बलिंद्र नैन ने बताया कि यह प्रतियोगिता चार जून से सात जून तक रोहतक में हुई थी। सिमरन नैन ने 52 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। सिमरन नैन ने सेमीफाइनल मुकाबला में हिसार की बॉक्सर खुशीका को 5.0 से हराया। वहीं फाइनल मुकाबले में भिवानी की बॉक्सर कुदरत को 5.0 से हराते हुए एक तरफा मात देकर मुकाबला जीता है। अब सिमरन नैन नेशनल खेलेगी जो 19 से 25 जून तक रोहतक में ही होगी।



### महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के लिए कैंप जारी



**जींद।** कैंप में जांच करते हुए।

**नरवाना।** रविवार को चौथे दिन कैंप में 65 से ज्यादा महिलाओं ने विभिन्न बीमारियों से संबंधित अपने.अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। कैंप में पहुंची 65 से ज्यादा महिलाओं में ज्यादातर चिड़चिड़ापनए सफेद पानीए महावारीए डिलीवरी के दौरान आने वाली समस्याओं का उपचार करवाने के लिए पहुंची थी। कैंप में पहुंची डाण्चित्रा वत्स ने उन महिलाओं को उपाए बताए। वत्स ने कहा कि महिलाएं अपनी डाइट पर पूरा ध्यान रखे।

### ज्येष्ठ माह में ठंडा पानी पिलाने का विशेष महत्व

**राजौंद।** ज्येष्ठ माह में ठंडा पानी पिलाने का पुण्य पूरे वर्ष के समान विशेष महत्व रखता है। इस माह की तपती धूप में कई समाज सेवी संस्थाएं ठंडे पानी की छबीले लगाकर राहगीरों व लोगों की प्यास बुझाने में लगे हुए हैं। इस माह में प्यासों को पानी पिलाने का विशेष फल मिलता है। ज्येष्ठ माह के किसी भी दिन में लोग ठंडे व मीठे पानी की छबीले लगाकर पुण्य के भागीदार बन सकते हैं।

### सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप संपन्न

**सीवन।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल सीवन में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप के अंतिम व सातवें दिन का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य स्टेट अवार्डी सुदर्शन शर्मा की अध्यक्षता व हिंदी प्राध्यापक शैलेंद्र राणा तथा बहादुर सिंह व डॉ ज्योति लता के मार्गदर्शन में किया गया।

### मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं पात्र नागरिक

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि पीएम सूर्य घर - मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपये अनुदान यानि कि कुल 1.10 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं ।

---

रिमाइंडर पर रिमाइंडर भेजे लेकिन नहीं हुई आज तक भी सुनवाई

# स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ 2020 से लगातार नप को लिख रहा पत्र

1. नागरिक अस्पताल नहीं हो पा रहा बंदरों के आतंक से मुक्त
2. अस्पताल में आने वाले लोग हर दिन बंदरों के आतंक का हो रहे शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल बंदरों के आतंक से मुक्त नही हो पा रहा है।

स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ द्वारा वर्ष 2020 से लगातार नगर परिषद जींद को पत्र भेज कर बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की बात कही जा रही है लेकिन अस्पताल बंदरों के आतंक से मुक्त नही हो पा रहा है। जिस पर संघ द्वारा उपायुक्त के संज्ञान में मामला लाया गया है। अबतक स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ कुल 37 रिमाइंडर भेज चुका है लेकिन समस्या ज्यों की त्यों है।

### डीसी को दी शिकायत

स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ ने उपायुक्त को दी शिकायत में बताया कि संघ द्वारा वर्ष 2020 से लगातार नगर परिषद को पत्र लिखे जा रहे हैं कि अस्पताल में बंदरों का आतंक है और आए दिन बंदर किसी न किसी को काट रहे हैं। इसके अलावा कार्यालयों के अंदर पहुंच कर भी नुकसान पहुंचा रहे हैं लेकिन इस समस्या पर कोई संज्ञान नही लिया गया है। अस्पताल परिसर में बंदरों की संख्या इतनी है कि इन्हें भगाना भी नामुमकिन है। झुंड के झुंड बंदरों के नागरिक अस्पताल में हर समय बैठे देखे जा सकते हैं। इसके अलावा अस्पताल में आने वाले मरीजों को भी बंदर काटने से चूकते नही है। जिसके कारण नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ-साथ चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। आए दिन ये बंदर किसी न किसी व्यक्ति पर हमला करके उसको घायल कर रहे हैं। कई बार तो बंदर नागरिक अस्पताल में दाखिल मरीजों के बिस्तर पर पहुंच कर मरीज को घायल कर चुके हैं और अनेक बार कमरों में घुस कर कंपयूटर सहित नागरिक अस्पताल के रिकार्ड को नष्ट भी कर चुके हैं। इस समस्या के समाधान हेतू कई बार नगर परिषद के अधिकारियों को गुहार लगाई जा चुकी है परंतु अभीतक कोई समाधान नही हुआ है। संघ नेता राममेहर वर्मा ने बताया कि उपायुक्त इस मामले में स्व संज्ञान लेते हुए नप अधिकारियों को आदेश दें कि अस्पताल में स्पेशल तौर पर बंदर पकड़ो अभियान चलाया जाए ताकि नागरिक अस्पताल में कार्य करने वाने चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी व आमजन अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सकें।

### बंदर पकड़ने वाली टीम का इंतजार

बार-बार गुहार लगाए जाने के बाद गत तीन फरवरी को 14 बंदर तथा तीन मार्च को आठ बंदर नागरिक अस्पताल से पकड़े गए थे। परंतु अन्य सैंकडों बंदरों को पकडऩे की बजाय यह कहकर वापस चली गई कि हमारा ठेका खत्म हो गया है। टीम सदस्य मनोज ने फिर से आने की बात कही थी लेकिन आजतक भी टीम दोबारा बंदर पकडऩे के लिए नही आई है।





**जींद।** नागरिक अस्पताल में मौजूद बंदरों का झुंड। फोटो : हरिभूमि

### प्रतिदिन करीब 80 लोग आते हैं इंजेक्शन लगवाने

*नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 100 मरीज कुते, बंदर काटे के इंजेक्शन लगवाने के लिए आते हैं। इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शहर में बंदर व कुत्तों की कितनी बड़ी समस्या बनी हुई है। अगर प्रतिदिन 80 मरीज भी इंजेक्शन लगवाने आए तो प्रतिमाह यह आंकडा 1800 तक पहुंचता है। ऐसे में हर दिन कोई न कोई बंदर या कुत्ते के काटने का शिकार हो रहा है।*

---

आवेदन के 15 दिन में मिलेगी सहायता

# इलाज के लिए आर्थिक मदद लेने की प्रक्रिया हुई सरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की जा रही है।



डीसी मोहम्मद इमरान रजा।

इससे यह प्रक्रिया और अधिक सरल एवं आसान हो गई है। उन्होंने बताया कि अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। डीसी ने बताया कि आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। डीसी ने कहा कि योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें संबंधित एमपी, संबंधित एमएलए, उपायुक्त, सिविल सर्जन, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, जिला परिषद के चेयरमैन, पंचायत समिति के चेयरमैन को सदस्य और नगराधीश को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

जैसे ही आवेदक आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर अपना आवेदन डालेगा वैसे ही आवेदन को संबंधित क्षेत्र के सांसद, विधायक, अध्यक्ष जिला परिषद, अध्यक्ष ब्लॉक समिति, मेयर, एमसी के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा।

### इलाज खर्च का 25 प्रतिशत मिलेगा

डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता के रूप में इलाज खर्च का 25 प्रतिशत पैसा ही मिलेगा। जिसकी अधिकतम सीमा एक लाख रुपये निर्धारित की गई है। वहीं आवेदक वित्त वर्ष में केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ ले सकता है।

---

तीन साधकों ने प्रथम व एक ने तीसरा स्थान पाया

# योग प्रतियोगिता में छाए भारतीय योग संस्थान चीका के साधक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

आने वाले 21 जून को मनाए जाने वाले 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आज कैथल में जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली अड्डा कैथल के प्रांगण में करवाई गई इस प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें भारतीय योग संस्थान चीका के कई साधकों ने भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भारतीय योग संस्थान के जिला प्रधान डॉ. विनोद गुप्ता ने बताया कि इस प्रतियोगिता को छह वर्गों में बांटा गया था। 28 से 40 वर्ष आयु वर्ग में भारतीय योग संस्थान चीका की महिला साधक रेखा गर्ग ने प्रथम स्थान हासिल किया। 40 से 60 वर्ष आयु वर्ग में चीका के राकेश गर्ग ने प्रथम व महावीर शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार से 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में भारतीय योग संस्थान चीका की महिला साधक राज बाला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता रहे साधकों को 15 जून को होने वाली राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। जिला प्रधान डॉ विनोद गुप्ता ने कहा कि यह साधकों की कड़ी मेहनत का फल है।



**कैथल।** जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में भुजंगासन का प्रदर्शन करते हुए भारतीय योग संस्थान चीका की साधक।

---

जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने जांचा शिविरों का स्तर

# जुलाना व जींद के एफएलएन कैंपों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ग्रीष्मकालीन दिवस मे शिक्षा विभाग की ओर से पांच दिवसीय एफएलएन कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमे सभी प्राथमिक शिक्षकों का भाग लेना अनिवार्य है। नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार सभी प्राथमिक शिक्षक अनिवार्य प्रशिक्षण लेंगे। रविवार को जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने खंड जुलाना ओर खंड जींद के एफएलएन कैंपों का किया औचक निरीक्षण किया।

राजेश वशिष्ठ ने बताया की आज सुबह आठ बजे खंड जुलाना प्रशिक्षण स्थल आकर प्रशिक्षण लेने वाले अध्यापकों से वार्तालाप की ओर जाना की मास्टर ट्रैनर द्वारा किस प्रकार से प्रशिक्षण दिया जा रहा है, शिक्षकों के लिए किस प्रकार फायदेमंद है ओर बच्चों के लिए इसका फायदा शिक्षक कैसे उठाएंगें। राजेश वशिष्ठ ने बताया की निपुण मिशन के तहत जिले के सभी खंडों मे पांच दिवसीय एफएलएन कैंप चल रहे हैं। जिसमें प्राथमिक शिक्षकों को खेल-खेल में शिक्षा, टीएलएम का प्रयोग, प्रिंटरिच क्लास रूम, स्किल पासबुक भरने व बच्चों का लर्निंग लेवल समझने बारे मास्टर ट्रैनर द्वारा सभी प्राथमिक शिक्षकों को बच्चों को पढाने के नए गुर सीखाए जा रहे हैं ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो ओर बच्चे बिना किसी डर के स्कूल की ओर अपना कदम बढाएं। कैंपों का निरीक्षण के लिए जिला स्तर पर अलग-अलग टीम बनाई गई है। जो सभी प्रशिक्षण केंद्रों पर कम से कम दो घंटे रह कर पूरा अवलोकन कर रहे हैं। उसके बाद गूगल लिंक भरकर अपनी रिपोर्ट निदेशालय व जिला समन्वयक एफएलएन को भेजी जा रही है। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया की जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष चंद्र प्रत्येक खंड का बारीकी से अवलोकन कर रहे हैं। खंड जींद के अठ बैचों का आज समापन हुआ और सभी को सर्टिफिकेट वितरित किए गए। खंड जींद मे 320, खंड नरवाना में 200, खंड सफीदों मे 150 शिक्षकों ने अब तक प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है। आगामी बैच सोमवार से शुरू हो जाएंगे।



**जींद।** कैंप निरीक्षण के दौरान अध्यापकों की गतिविधि का जायजा लेते हुए।

---

# ट्रांसफर जेबीटी से शुरू नहीं किए तो होगा कड़ा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की राज्य स्तरीय बैठक रविवार को जींद के अक्षर भवन में हुई।

इसमें राज्य प्रधान प्रभु सिंहए महासचिव रामपाल शर्मा, कोषाध्यक्ष संजीव सिंगला, वरिष्ठ उप प्रधान गुरमीत सिंह, उप महासचिव कृष्ण नैन, प्रचार सचिव निशा और जिला जींद प्रैस प्रवक्ता शमशेर कौशिक ने भाग लिया। बैठक में सरकार द्वारा लागू की जा रही नवीन ट्रांसफर पालिसी पर गंभीर चिंता और तीखी आलोचना व्यक्त की गई। जो पालिसी बनी है उसे संगठनों के बीच स्पष्ट किया जाना चाहिए। जो संगठनों को बुला कर सुझाव लिए गए थे उनको कितना लागू किया गयाए यह जानकारी भी सांझी होनी चाहिए। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि यह पालिसी ऑनलाइन-ऑफलाइन प्रक्रियाओं में शिक्षकों को उलझाकर रख रही है। जबकि शिक्षकों के स्थानांतरण का मुख्य उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होना चाहिए। सरकार की वर्तमान नीति न तो बच्चों को सभी विषयों के शिक्षक उपलब्ध करवाने की गारंटी देती हैए और न ही शिक्षकों को उनके आवास के निकट सुविधाजनक स्थान पर नियुक्त करने का प्रावधान करती है।

---

बुजुर्ग व महिला यात्रियों के लिए वरदान साबित होंगी ये बस सेवा

# रोडवेज ने जींद से कई गांवों के लिए शुरू की बस सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** उचाना बस अड्डे पर बस के साथ मौजूद चालक व परिचालक।

हरियाणा रोडवेज के जींद डिपो ने यात्रियों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर प्रयासरत हैं। हरियाणा राज्य परिवहन जींद द्वारा जींद से वाया अलेवा, नगूरां, उचाना तक सीधी बस सेवा की शुरुआत की गई है।

यह बस सुबह सात बजे सुबह जींद बस स्टैंड से रवाना होकर शाहपुर, नगूरां, अलेवा, भौंसला, कहसून, घोघड़िया, बड़ौदा होते हुए 9 बजे उचाना पहुंचेगी। दिन में उचाना से 9:15 घोघड़िया, कहसून, नगूरां 11:30 जींद पहुंचेगी। दोपहर 1:00 बजे दोपहर को जींद से वाया भौंसला कहसून उचाना दोपहर 3:00 पहुंची। दोपहर 3:10 उचाना से जींद के लिए चलेगी। इस बस का संचालन दिन में अप-डाउन रहेगा। इस बस का संचालन होने से उचाना से नगूरां, अलेवा से जींद जाने वाले यात्रियों को राहत मिल सकेगी। परिचालक राकेश, चालक सुनील ने बताया कि सीधी बस सेवा के संचालन से यात्रियों को काफी फायदा होगा और उन्हें आरामदायक सफर करने में आसानी होगी। यात्रियों की मांग पर इस बस सेवा का संचालन किया जा रहा है।

सीधी जींद से अलेवा वाया नगूरां उचाना बस सेवा उचाना वासियों के लिए वरदान साबित हो रही है। बुजुर्ग महिलाएं अन्य जरूरी कार्य से जाने वाले यात्रियों के लिए फायदा हो रहा है।

---



**कैथल।** बच्चों के साथ शिविर में रस्सी कूदती नर नारायण सेवा समिति की सदस्य।

समिति ने लगाया शिविर

# जरूरतमंद बच्चों के लिए समर कैंप बना संस्कारों की पाठशाला

- नर नारायण सेवा समिति ने दी जीवन की नई दिशा
- बच्चों को मिली नई दिशा, खेल और सीख से भरपूर रहा हर पल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गर्मी की छुट्टियों में जहां अधिकांश बच्चे मामा-मामी, नाना-नानी के घर घूमने का आनंद ले रहे हैं, वहीं कैथल के पंत नगर में नर नारायण सेवा समिति द्वारा जरूरतमंद बच्चों के लिए विशेष समर कैंप का आयोजन किया गया है।

नर नारायण सेवा समिति द्वारा लगाए गए 7 दिन के इस समर कैंप का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य को संवारना और उन्हें अच्छे संस्कारों से जोड़ना रहा। कैंप में सात दिनों में इन जरूरतमंद बच्चों को माइलस्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीचर दीपिका एवं मोनिका द्वारा गुड टच-बैड टच, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर जानकारी दी गई है। साथ ही उन्हें यह सिखाया गया कि जीवन में उन्हें कभी किसी के सामने हाथ फैलाना नहीं है, बल्कि अपने अधिकारों को मेहनत और आत्मविश्वास से अर्जित करना है। अमित ने कहा कि नर नारायण सेवा समिति द्वारा जरूरतमंद बच्चों के लिए आयोजित समर कैंप एक मिसाल बन गया। कैंप में बच्चों को न केवल ज्ञान और संस्कार मिले, बल्कि उन्होंने आत्मनिर्भरता का पाठ भी सीखा। समिति के सदस्यों ने बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियां भी कीं जिससे बच्चों में आत्मबल और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके।

### बच्चों को सही दिशा और शिक्षा मिलना जरूरी

*समिति के सदस्यों का कहना है कि अगर हर बच्चा सही दिशा और उचित मूल्य शिक्षा पाए, तो वह समाज के लिए एक मजबूत स्तंभ बन सकता है। यह समर कैंप उसी सोच का एक छोटा प्रयास था जरूरतमंद बच्चों को वह अवसर देना, जिसके वे हकदार हैं।*

---

किट कम आने के कारण नहीं मिल रही कोरोना जांच को गति

# एक सप्ताह में मात्र 14 मरीजों की हुई कोरोना जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- नहीं मिला कोई संक्रमित, प्रतिदिन दो से तीन मरीजों की हो रही जांच

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में एक सप्ताह में मात्र 14 लोगों की ही कोरोना जांच हो पाई है। अस्तपाल को मात्र 400 किट मिली हैं। ऐसे में अस्पताल प्रशासन केवल संदिग्ध लोगों की ही कोरोना जांच करवा रहा है।

इनमें भी वही लोग शामिल हैं, जिनके लक्षण कोरोना बीमारी से मिलते-जुलते हैं। एक सप्ताह में दो प्रति मरीज कोरोना की जांच से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कैसे जांच को गति मिलेगी। हालांकि राहत भरी बात यह है कि जिन 14 लोगों की जांच हुई है, उनमें कोई भी कोरोना से संक्रमित नही मिला है।




**जींद।** नागरिक अस्पताल में बनाया गया स्पेशल कोरोना वार्ड।

### अब तक कुल 14 सैंपल लिए, सब नेगेटिव मिले : डा. अजय

नागरिक अस्पताल लैब इंचार्ज डा. अजय चालिया ने बताया कि हर व्यक्ति को कोरोना से सावधान रहने की जरूरत है। शारीरिक दूरी के नियमों की पालना करना अनिवार्य है। इसके साथ ही अगर बुखारए शरीर में अकडनए सर्दी जैसे लक्षण हैं तो तुरंत प्रभाव से चिकित्सक को दिखा कर उपचार करवाएं। अब तक कुल 14 सैंपल लिए गए हैं। सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आई है।

### नागरिक अस्पताल में 17 सौ की ओपीडी

कोरोना को लेकर लगातार स्वास्थ्य विभाग आमजन को जागरूक करने का काम कर रहा है। नागरिक अस्पताल को काफी डिमांड के बाद 400 किट मिली थी। अब अस्पताल प्रशासन इन जांच किट का बेहद सावधानी पूर्वक प्रयोग कर रहा है। अस्पताल प्रशासन ने निर्णय लिया है कि अस्पताल में आने वाले उन्हीं मरीजों की जांच की जाएगी। जिनमें कोरोना बीमारी से मिलते.जुलते लक्षण दिखाई देते हैं। अस्पताल में प्रतिदिन 1700 के लगभग की ओपीडी होती है और लगभग 150 से 200 मरीज ऐसे आते हैं, जिनमें सर्दी, खांसी, बुखार के लक्षण होते हैं। अगर सभी संदिग्धों की जांच की जाए तो अस्पताल को मिली कोरोना जांच किट दो दिन भी नहीं चल पाएंगी। अस्पताल प्रशासन ने कोरोना को लेकर स्पेशल स्टाफ भी नियुक्त किया गया है। जांच के लिए पुरानी बिल्डिंग के निकट लैब के पास ही फ्लू कॉर्नर बनाया गया है ताकि संदिग्ध कोरोना मरीज का वहीं सैंपल लेकर वहीं जांच की जा सके। इन सब कामों के लिए स्पेशल स्टाफ लगाया गया है। डॉण् गौरव नोडल अधिकारी के तौर पर हर दिन फ्लू कॉर्नर स्टाफ तथा ओपीडी कर रहे चिकित्सकों से जानकारी हासिल कर रहे हैं।